राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 28 जनवरी, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में ''राष्ट्रीय एकता यात्रा'' पर आए केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख के फोबरांग क्षेत्र के छात्र–छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के ''ऑपरेशन सद्भावना'' के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में लद्दाख के फोबरांग क्षेत्र के 4 शिक्षकों के साथ 16 छात्र–छात्राएं शामिल हैं। यह छात्र–छात्राएं पहली बार लद्दाख क्षेत्र से बाहर निकल कर नई दिल्ली, आगरा सहित देहरादून स्थित विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। बच्चों की इस यात्रा का उद्देश्य यहां की संस्कृति, परंपराओं, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के साथ–साथ ज्ञानार्जन एवं कैरियर के अवसरों को अर्जित करने हेतु निकट से जानने एवं समझने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

311 मध्यम रेजिमेंट की संचालन टीम के लीडर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक दत्ता और कैप्टन सिमरन कौर के नेतृत्व में लद्दाख दुर्गम, विरल और सुदुर क्षेत्र से आए यह बच्चे राज्यपाल से मिलकर बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी बच्चों से वार्तालाप की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखें और बड़े–बड़े सपने देखें और फिर सपने को साकार करने के लिए खूब मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने कश्मीर और लद्दाख में सेवाएं देने के दौरान अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा उन्हें कई चीजें सीखने को मिलेंगी जो आगे उनके भविष्य में काम आएंगी।

..............0.............